## महत्वपूर्ण एवं खास

### कलेक्ट्रेट परिसर में धारा-144 लागू : जिला दंडाधिकारी ने जारी किया आदेश

**कांकेर (आरएनएस)।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने कलेक्ट्रेट परिसर तथा परिसर के आसपास 200 मीटर की परिधि में लोक शांति एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 19 दिसम्बर से 18 मार्च 2025 तक कुल 90 दिवस की अवधि के लिए धारा-144 लागू कर दी है। जारी आदेश में कहा गया है कि भारतीय दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 (1) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी क्षीरसागर ने कलेक्ट्रेट परिसर एवं इसके आसपास 200 मीटर की दूरी में किसी भी प्रकार का धरना, प्रदर्शन, सभा, रैली, जुलूस, नारेबाजी हेतु उक्त अवधि के लिए पूर्णत: प्रतिबंधित किया है।

### मंदिर से लाखों रुपए का कलश पार

**रायपुर (आरएनएस)।** लाभांडी दिगम्बर जैन मंदिर सोने-चांदी का कलश पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी रासु जैन 42 वर्ष रोमांस क्यु वीला लाभांडी का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने दिगम्बर जैन मंदिर का ताला तोडक़र सोने-चांदी का कलश पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 10 लाख रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### कैफे में लगी आग से मचा हड़क़ंप

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी रायपुर के मरीन ड्राइव, तेलीबांधा के सामने स्थित एक कैफे में आज सुबह आग लग गई. सिप एंड बाइट कैफे में आग लगने से धुंआ बाहर आने लगा. जिससे लोगों में हडक़ंप मच गया. घटना की सूचना के बाद पुलिस और फायरब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंच गई है. घटना तेलीबांधा थाना क्षेत्र की है. जानकारी के मुताबिक, तेलीबांधा तालाब के सामने सिप एंड कैफे में सोमवार सुबह आग लग गई. कैफे से बाहर आ रहे धुंए को देखने के बाद लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी. जिसके बाद मौके पर पुलिस और दमकल की एक वाहन भी पहुंच गई. आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है. दमकल की वाहन आग बुझाने में जुटी हुई है. दुकान के ऊपर अस्पताल है, आग लगने से हडक़ंप मच गया है।

### पूर्व एल्डरमेन से 50 हजार की लूट, एक गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा (आरएनएस)।** जिले के सारागांव थाना क्षेत्र में पूर्व एल्डरमैन केशव करियारे से 50 हजार की लूट मामले में पुलिस ने एक आरोपी दीपक कश्यप को गिरफ्तार किया है। घटना 15 दिसंबर की है, जब पीड़ित मोटरसाइकिल से लौट रहे थे। रास्ते में तीन अज्ञात आरोपियों ने उन्हें रोककर मारपीट की और पैसे लूटकर फरार हो गए। पुलिस की कार्रवाई में आरोपी दीपक ने अपराध स्वीकार किया। उसके पास से ?3000 नकद और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद हुई। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। वहीं, अन्य दो फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

### सीआरपीएफ जवान ने की आत्महत्या

**बिलासपुर-रायपुर (आरएनएस)।** न्यायधानी बिलासपुर में एक सीआरपीएफ कांस्टेबल ने खुदखुशी कर ली है. बैरक में जवान का लटका हुआ शव मिला है. घटना से विभाग में हडक़ंप मच गया है. मामला भरनी सीआरपीएफ कैंप का है. पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है.मिली जानकारी के मुताबिक, भरनी सीआरपीएफ कैंप में आज एक सीआरपीएफ कांस्टेबल ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है. बैरक में जवान का लटका हुआ शव मिलने से हडक़ंप मच गया. मृतक कांस्टेबल असम का रहने का वाला था. खुदखुशी का कारण फिलहाल सामने नहीं आ पाया है. पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# मवेशी तस्करी के समय अवैध उगाही, आरोपी गिरफ्तार

**कांकेर-रायपुर । आरएनएस**

मामले का सक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 22.12.2024 को प्रार्थी विकेश निषाद पिता महेन्द्र निषाद उम्र 19 वर्ष निवासी बांगावारी चौकी दुधावा थाना नरहरपुर जिला उ0ब0 कांकेर ने थाना उपस्थित आकर लिखित आवेदन पत्र पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 21.12.2024 को प्रार्थी के पिता महेन्द्र निषाद ने 06 नग बैल को बैल बेचने वाले ब्यापारी पेमन लाल पिता रूप लाल साहू निवासी ढोढरठेमा थाना डौडी जिला बालोद से लिये थे और कवर लाल मरकाम निवासी मसुरपुट्टा ने 06 नग बैल को बैल ब्यापारी नेमचंद पिता भुनेश्वर निवासी पचेड़ा थाना डोडी जिला बालोद से लिये थे जिसे विरेन्द्र यादवए सुरेन्द्र जैन ने पैदल पैदल ग्राम भोथा थाना चारामा तक लाये जहां से मैं हमारे बोलेरो पिकअप वाहन कमांक सी जी 19 बी टी 2928 में एवं कवल लाल मरकाम के बोलेरो वाहन कमांक सी जी 19 बी आर 9398 में अपने अपने बैलों को डालकर ला रहे थे भोथा से दिनांक 21.12.2024 के रात्रि लगभग 10 से 11 बजे निकले थे तारसगांव चौक कुरना ठेकुना रामपुर जुनवानी बाबूसाल्हेटोला होते हुए अपने अपने गांव बांगाबारी एवं मसुरपुट्टा आ रहे थे कि बाबू साल्हेटोला और बागोड़ के बीच में लगभग रात्रि में लगभग 01.00 बजे पहुंचे थे कि उसी समय तीन मोटर बाईक एवं स्कूटी में बैठकर छ: लोग आये और हमे रोककर पूछताछ किये कि बैल कहां से ला रहे हो कहकर और बोलकर गाडी को रोककर मां बहन की गंदी गंदी गाली गलौज कर जान से मार डालने की धमकी देकर मारपीट करना चालू कर दिये उसके लगभग 10 मिनट बाद एक स्लेटी रंग का कार में एक आदमी और आया और वह हीरा लाल को बोला कि अपने सेठ को जल्दी बुलाकर गाड़ीयो को छुड़ा लो कहकर बोला है तब प्रार्थी अपने पापा को फोन करके इस घटना के बारे में बताया उसके बाद लगभग 05 मीनट बाद एक लाल रंग का कार आया और उसमें से दो लोग उतरे है वे लोग भी गाली गलौज कर रहे थे चिल्ला रहे थे उसी समय विनोद साहू भी प्रार्थी के पिता महेन्द्र निषाद के कहने पर वहां पर आया और उन लोगो से बातचीत कर समझाने की कोशिश किया प्रार्थी डर कर वहां से खेत तरफ भाग गया और जब प्रार्थी के पिता महेन्द्र निषाद वहां पर लगभग 02..30 बजे आये है तब प्रार्थी भी वापस आया उसके बाद प्रार्थी के पिता महेन्द्र निषाद ने कवंर लाल मरकाम को फोन करके घटना के संबंध में बताकर वहां बुलाया उसके बाद लगभग 03 बजे कवंर लाल मरकाम भी वहां पर पहुंच गया उसके बाद वे लोग पैसे का डील किये दोनो गाड़ी का 70.70 हजार रूपये मांग किये जो कि बहुत निवेदन करने पर 55.55 हजार रूपये में तय हुआ उसके बाद नगद 28 हजार रूपये योगेश टेकाम के हाथ में दिये है और फोन पे के माध्यम से मेरे पिता महेन्द्र निषाद ने यश कुमार साहू देवगावं को फोन से बोलकर फोन पे के माध्यम से मोबाईल नंबर 8109646886 में 27 हजार रूपये 15 हजार रूपये करवाया है एवं कवंर लाल मरकाम ने अपने गुगल पे के माध्यम से 9617635188 में 30 हजार रूपये एवं 7000181254 में 10 हजार रूपये इनके कहने पर कुल 110000 रूपये दिये तब हमारे दोनो गाड़ी को छोड़ा है मेरे साथ इन लोगो ने मारपीट भी किया है जिससे मुझे दोनो गाल में एवं कान में दर्द है योगेश टेकाम रामकुमार टेकाम धमेन्द्र मरकाम निवासी बोगोड़ असलम शेख लोकेश कुमार कुंजाम निवासी कांकेर अक्पी उर्फ भोज मण्डावी निवासी बाबू साल्हेटोला एवं अन्य लोगो के विरुद्ध रिपोर्ट पर थाना कांकेर में अपराध क्रमांक- 438/24 धारा 126,(2) 296,115(2) 351(2) 308 (2) 190 191(2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेवना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुये मान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई के एलेसेला के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन मे त्वरित कार्यवाही कर आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु सघन पता तलाशी प्रारम्भ किया गया। इस दौरान विवेचना में ज्ञात हुआ कि आरोपी विनोद के साहू के द्धारा आरोपियो से मिली भंगत कर उगाही किये हुये रूपयो को आरोपियो के खाता मे डलवाया गया। प्रकरण के आरोपियो की पता तलाश कर आरोपियो को गिरफतार कर आरोपियो से 43000 रूपये नगदी 06 नग मोबाईलए एंव घटना मे प्रयुक्त दो नग स्कूटी दो नग कार एक नग पल्सर मोटर सायकल को जप्त किया गया। एंव आरोपियो को माननीय न्यायालय पेश किया गया। जहां माननीय न्यायालय द्वारा आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। प्रकरण की विवेचना मे थाना प्रभारी मनीष नागर , उप निरी , लक्ष्मीनारायण नामदेव , मप्रआर ज्योति साहू , हितेश्वरी चेलक , प्र.आर. सत्य प्रकाश सिह , यवत सरोज , अनिल कुमार सलाम , हेमन्त सोरी का अहम् योगदान रहा।

गिरफतार आरोपी

01. योगेश टेकाम पिता सुरेन्द्र टेकाम निवासी बागोड

02. धर्मेन्द्र मरकाम पिता सोना राम मरकाम निवासी बागोड ए

03. राम कुमार कुलदीप पिता देवेन्द्र कुलदीप निवासी बागोड

04. असलम शेख पिता स्वण् समशेर शेख निवासी संजय नगर कांकेर

05. लोकेश कुमार कुंजाम पिता राम दयाल निवासी एम जी वार्ड कांकेर

06. भोज मंडावी पिता वासुदेव मंडावी निवासी बाबूसाल्हेटोला

07 . दिनेश कुमार खोब्रागढे पिता स्वण्तेज राम खोब्रागढे निवासी बाबू साल्हेटोला 08. विनोद साहू पिता गौतम कुमार साहू निवासी बागोड।

# सीनियर माओवादी कैडर प्रभाकर हुआ गिरफ्तार

**कांकेर-रायपुर । आरएनएस**



विगत कुछ दिनों से प्रतिबंधित एवं गैर कानूनी सीपीआई माओवादी संगठन के उत्तर बस्तर सब जोनल ब्यूरो के सीनियर माओवादी कैडर प्रभाकर राव की गतिविधि जिला कांकेर क्षेत्र में परिलक्षित होने की जानकारी मिलने पर पुलिस द्वारा उक्त आसूचना पर तस्दीकी की जा रही थी। इस दौरान दिनांक 22.12.2024 को जिला कांकेर के थाना अंतागढ़ क्षेत्रान्तर्गत पुलिस द्वारा की गई नाकाबंदी कार्यवाही में प्रभाकर राव उर्फ बालमूरी नारायण राव को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार माओवादी प्रभाकर राव से लगातार पूछताछ कर अग्रिम कानूनी कार्यवाही की जा रही है। पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज, जगदलपुर सुन्दरराज पी. द्वारा यह बताया गया कि बस्तर संभाग अंतर्गत माओवादियों के विरूद्ध की जा रही प्रभावी कार्यवाही के सिलसिले में वर्ष 2024 में अब तक कुल 884 माओवादी कैडरों की गिरफ्तारी की जाकर उनके ऊपर कानूनी कार्यवाही की जा रही है। प्रभाकर राव उर्फ बालमूरी नारायण राव की गिरफ्तारी नक्सल विरोधी अभियान की दृष्टिकोण से पुलिस बल को प्राप्त एक महत्वपूर्ण सफलता है। पुलिस उप महानिरीक्षक कांकेर रेंज कांकेर अमित तुकाराम कांबले के मार्गदर्शन पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कांकेर आई के. ऐलेसेला के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भानुप्रतापपुर, संदीप पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतागढ़ जयप्रकाश बढ़ई के पर्यवेक्षण में पुलिस थाना अंतागढ़ द्वारा उत्तर बस्तर क्षेत्र की माओवादी संगठन के एक महत्वपूर्ण कैडर की गिरफ्तारी किये जाने से क्षेत्र में नक्सल गतिविधियों पर अंकुश लगाने में उल्लेखनीय बढ़त प्राप्त होगी। प्रभाकर उर्फ बालमूरी नारायण राव द्वारा नक्सल संगठन में वर्ष 1984 में पार्टी सदस्य के रूप में भर्ती होकर विगत 40 वर्षो से सक्रिय रहकर कार्य कर रहा था। गिरफ्तार नक्सली की जानकारी (संक्षिप्त विवरण: नाम/पता/पद)

- प्रभाकर उर्फ बालमूरी नारायण राव, उम्र- 57 वर्ष
- निवासी:- ग्राम बीरपुर, जिला जगित्याल, तेलंगाना राज्य
- वर्ष 1984 से नक्सल संगठन में पार्टी सदस्य के रूप में भर्ती
- वर्ष 1984-1994 तक अविभाजित राज्य आन्ध्रप्रदेश में माओवादी संगठन में सक्रिय
- वर्ष 1995-1997 तक बालाघाट क्षेत्र (मध्यप्रदेश) में सक्रिय
- वर्ष 1998-2005 तक उत्तर बस्तर, कोयलीबेड़ा क्षेत्र में सक्रिय
- वर्ष 2005-2007 सप्लाई टीम अर्बन नेटवर्क का कार्य
- वर्ष 2007-2008 मानपुर-मोहला क्षेत्र में सक्रिय
- वर्ष 2008-2024 वर्तमान समय तक- (मोबाईल पॉलेटिकल स्कूल) का प्रभारी।

## चांपा रेलवे ओवरब्रिज पर कार ने सायकल सवार युवक को मारी ठोकर, युवक की मौके पर मौत

**चांपा । आरएनएस**

रेलवे ओवरब्रिज पर एक दर्दनाक सडक़ हादसे में साइकिल सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब युवक प्लांट से काम करके अपने घर नया पारा चांपा, लौट रहा था। बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार कार ने साइकिल सवार को जोरदार टक्कर मारी, जिससे युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक युवक महेश गुप्ता उम्र 36 वर्ष नया पारा केबिन चांपा का रहने वाला है। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने बताया कि फरार कार चालक की तलाश की जा रही है और जल्द ही उसे पकड़ लिया जाएगा।

इस दुर्घटना से स्थानीय लोगों में आक्रोश है और उन्होंने तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण लगाने की मांग की है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामला दर्ज कर जांच जारी है।

## त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय निर्वाचन 2024-25 रायगढ़ जिले में मतदान दलों का प्रशिक्षण संपन्न

**रायगढ़**



त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2024-25 के तहत रायगढ़ जिले में 21 से 23 दिसंबर तक ब्लॉक स्तर पर मतदान दलों को प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण रायगढ़, खरसिया, पुसौर, लैलूंगा, घरघोड़ा और धरमजयगढ़ में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग और अन्य विभागों के कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें स्थानीय निर्वाचन से संबंधित आवश्यक प्रक्रियाओं और दायित्वों की जानकारी प्रदान की गई। जिससे मतदान प्रक्रिया को सुचारू और पारदर्शी बनाया जा सके। सभी संभावित मतदान दलों ने प्रशिक्षण के पहले चरण को सफलतापूर्वक पूर्ण किया। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगामी चरण के प्रशिक्षण की समय-सारणी जल्द जारी की जाएगी। प्रशिक्षण का उद्देश्य निर्वाचन प्रक्रिया को कुशलतापूर्वक संचालित करना और निर्वाचन प्रक्रिया में शामिल सभी मतदान दलों को उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराना है।

# गांव में भटक कर पहुंचे मगरमच्छ का किया गया रेस्क्यू

**कोरबा-रायपुर । आरएनएस**



जिले के पसान और मरवाही वन परिक्षेत्र में एक बाघ की मौजूदगी से ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। वहीं एक गांव में भटकते पहुंचे मगरमच्छ को सुरक्षित खूंटाघाट बांध में लाकर छोड़ा गया। वनमंडल अधिकारी कटघोरा कुमार निशांत ने बताया कि बाघ फिलहाल इन क्षेत्रों में विचरण कर रहा है। इस स्थिति को देखते हुए जंगल के आसपास रहने वाले लोगों को सतर्क रहने और जंगल में न जाने के निर्देश जारी किए गए हैं। मालूम हो कि मध्यप्रदेश के मंडला जिले के कान्हा नेशनल पार्क से 6 टाइगर निकले हैं, जो पिछले महीने से छत्तीसगढ़ के अभयारण्यों में विचरण कर रहे हैं। इनमें से चार भोरमदेव अभयारण्य और दो के अचानकमार टाइगर रिजर्व इलाके में होने की जानकारी वन विभाग ने दी है। अनुमान लगाया जा रहा है कि पसान में नजर आया बाघ उनमें से ही एक है। कुछ दिन पहले यह मरवाही डिवीजन में देखा गया था, जहां उसने एक मवेशी का शिकार भी किया था। शनिवार रात बाघ ने फिर एक मवेशी का शिकार किया, जिसकी तस्वीरें कैमरे में कैद हुई हैं। बाघ का मूवमेंट पसान, मरवाही, पाली और चैतमा के बीच देखा गया है। इधर, पसान वन परिक्षेत्राधिकारी समेत सभी क्षेत्रीय वनकर्मी गांव-गांव में मुनादी कर ग्रामीणों को सतर्क कर रहे हैं। बाघ की गतिविधियों को लेकर वन विभाग सतर्क है। वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि जंगल में न जाएं और सावधानी बरतें, क्योंकि बाघ की मौजूदगी से जोखिम बढ़ सकता है। दूसरी ओर, शनिवार रात ग्राम शिवपुर में एक तालाब से निकलकर सडक़ के किनारे आए मगरमच्छ को ग्रामीणों ने पकड़ा। इसे बांधकर सुबह वन विभाग को सौंप दिया गया। वन विभाग की टीम ने मगरमच्छ को सुरक्षित रेस्क्यू कर खारंग जलाशय, खूंटाघाट रतनपुर में छोड़ा।

# पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा के चलते रुट किया गया डायवर्ट

**रायपुर । आरएनएस**

सेजबहार में शिव महापुराण कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा का मंगलवार 24 दिसंबर से कार्यक्रम शुरू हो रहा है। यह 30 दिसंबर तक रोजाना दोपहर 1 से 4 बजे के बीच चलेगा। इस दौरान रोज औसतन दो लाख से ज्यादा लोगों की आने की संभावना है। इस वजह से टिकरापारा, संतोषीनगर से सेजबहार जाने वाली सडक़ पर सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक श्रोताओं की भारी भीड़ रहेगी। अत: भारी माल वाहक वाहनों की प्रवेश प्रतिबंधित करने के साथ ही सेजबहार इंजीनियरिंग कॉलेज व भखारा होकर धमतरी आवागमन करने वाले सभी लोगों से अपील है कि वे धमतरी-कुरूद-अभनपुर-माना-रायपुर रोड का उपयोग करें। कथा सुनने वालों की भीड़ की वजह से वे जाम में फंस सकते हैं। यातायात पुलिस ने जाम से बचने ये उपाय किए है -ई-रिक्शा/आटो रिक्शा को भी पार्किंग स्थल तक ही जाने मिलेगा। कार्यक्रम स्थल के पास सिर्फ आयोजक, कथा वाचक व वीआईपी की गाडिय़ों को ही एंट्री मिलेगी। 24 से 30 दिसबंर तक संतोषी नगर चौक से भरेंगाभाठा चौक तक भारी वाहनों का सुबह 7 बजे से शाम 7 बजे तक प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा । पुराने धमतरी रोड से भखारा होकर रायपुर आवागमन करने वाले चार पहिया वाहन भी निम्न स्थान से डायवर्ट किए जाएँगे-

1)भखारा से सेजबहार मार्ग पर जीडी गोयनका स्कूल के सामने डायवर्सन रहेगा

2)संतोषी नगर से सेजबहार मार्ग पर कौशल्या (कमल) विहार चौक पर डायवर्सन रहेगा । कार्यक्रम में आने वालों के लिए लगभग एक-दो किलोमीटर की दूरी में 8 पार्किंग स्थल निर्धारित की गई है। उनमें पचास हजार से ज्यादा गाडिय़ां पार्क करने की व्यवस्था है। जाम न लगे इसलिए कथा स्थल से पार्किंग करीब एक-दो किलोमीटर की दूरी पर रखी गई है। लोगों को लगभग डेढ़ किमी पैदल चलकर कार्यक्रम में जाना होगा। संतोषी नगर की ओर से जाने वाले बालाजी विहार, हाई स्कूल, अविनाश सिटी कालोनी के मार्ग में वाहन पार्क करेंगे।

खिलौरा, छछानपैरी, खोरपा,मुजगहन की ओर से आने वाले वाहन इंजीनियरिंग कालेज मैदान, हाउसिंग बोर्ड कालोनी और मुजगहन गौठान में वाहन पार्क करेंगे।

अपील:- टिकरापारा से सेजबहार होकर रोज औसतन 1 लाख गाडिय़ां गुजरती हैं। सुबह और शाम को भीड़ का प्रेशर ज्यादा होने पर संतोषीनगर चौक एवं कार्यक्रम स्थल के सामने जाम लग सकता है,अत: अन्य वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करें।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यका, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

## कोमटपल्ली में माओवादीयों के सबसे विशाल स्मारक को किया गया ध्वस्त

**बीजापुर-रायपुर । आरएनएस**



बीजापुर के थाना तर्रेम अंतर्गत ग्राम- कोमटपल्ली में बने माओवादियों के सबसे विशाल स्मारक को सुरक्षाबलों ने ध्वस्त कर दिया है। यहां माओवादियों के कोर इलाके मे सुरक्षा बलो की धमक के बाद माओवादियों के द्वारा स्थापित 62 फिट ऊँचे स्मारक को ध्वस्त कर दिया गया। कैम्प वाटेवागु के स्थापना के बाद डीआरजी, एसटीएफ, कोबरा 210, 205 , बीडीएस एवं केरिपु की संयुक्त टीम द्वारा इस स्मारक को ध्वस्त किया गया है। मौके पर अभियान दल के साथ उप महानिरीक्षक केरिपु ऑप्स बीजापुर सेक्टर देवेन्द्र सिंह नेगी, पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ0 जितेन्द्र कुमार यादव, कमांडेंट कोबरा 210 अशोक कुमार, कमांडेंट कोबरा 205 नरेश् पवार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मयंक गुर्जर, कमांडेंट् 222 विजेंद्र कुमार डीएसपी महंत कुमार सिंह, डीएसपी तिलेश्वर एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौके पर उपस्थित थे। क्षेत्र में लगातार गश्त सर्चिंग की कार्यवाही जारी है।

## निर्माणाधीन शो-रूम के उपरी हिस्से में ठेकेदार हाई वोल्टेज करंट से झुलसा, मौत

**कोरबा । आरएनएस**

ऑटो मोबाइल सेक्टर के एक निर्माणाधीन शो-रूम के ठेकेदार की आज सुबह दर्दनाक हादसे में मौत हो गई। उपरी हिस्से के कामकाज का निरीक्षण करने के लिए वह खुद चढ़ा हुआ था। इस दौरान 33 केवी विद्युत लाइन के हाई वोल्टेज करंट से संपर्क होने पर वह बुरी तरह से झुलस गया। उसके प्राण पखेरू उडने से यहां अफरा-तफरी मच गई। दर्री पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है।

सूत्रों के अनुसार आज सुबह गोपालपुर मार्ग पर जैलगांव क्षेत्र में यह हादसा हुआ। बजाज ऑटो मोबाइल कंपनी के द्वारा इस इलाके में अपनी व्यवसाय को प्रारंभ किया जा रहा है। इसके लिए नए शो-रूम का निर्माण जारी है। काफी संख्या में कामगार इसमें नियोजित किए गए हैं। बताया गया कि राम प्रताप यादव उम्र 55 वर्ष आनंद नगर छुराकछार इस काम का ठेकेदार है। अब तक के काम की प्रगति को जानने के लिए ठेकेदार स्वयं उपरी हिस्से में चढ़ा हुआ था। संबंधित क्षेत्र में काफी करीब से बिजली कंपनी की 33 केवी लाइन गुजरी हुई है। उसके कर्षण के प्रभाव से अनजान ठेकेदार ने पर्याप्त दूरी नहीं बनाई। नतीजा यह हुआ कि इसी दरम्यान वह लाइन के संपर्क में आकर झुलस गया और कुछ ही देर में उसका शरीर प्राणहीन हो गया। घटनाक्रम से मजदूर और आसपास के लोग सख्ते में आए। उनकी सूचना पर दर्री पुलिस मौके पर पहुंची।